cornidor in Mizoram for trade with Myanmar. The border trade between India and Myanmar via Champai in Mizoram is also yet to be operationalised. *(b) a*nd (c) Do not arise in view of (a) above.

कोयला क्षेत्र में विकास परियोजनाएं

2179. **श्री राम जेठमलानी:** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के कोयला क्षेत्र में अनेकों नयी विकास परियोजनायें निर्माधीन है;

(ख) यदि हां, तो 30 अप्रैल, 1996 की स्थिति के अनुसार उनकी कुल संख्या कितनी थी;

(ग) इनमें से उन परियोजनाओं की संख्या क्या है जो अपने निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं;

(घ) क्या निर्माण में विलम्ब के कारण इन परियोजनाओं की निर्माण लागत में भी वृद्धि हो गयी है;

(ङ) यदि हां, तो उनमें से ऐसी प्रत्येक योजना, जो निर्माणाधीन है, की निर्माण लागत में कितनी-कितनी वृद्धि हुई है; और

(च) उन परियोजनाओं के निर्माण में विलम्ब के क्या कारण हैं?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह): (क) से (ग) दिनांक 30 अप्रैल, 1996 की स्थिति के अनुसार कोल इण्डिया लि० और सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के क्रियान्वयन के अधीन प्रत्येक 20 करोड़ तथा इससे अधिक की लागत वाली 62 परियोजनाएं थीं। इनमें से 15 परियोजनाएं उनके पूरा होने की अनुमोदित समयावधि से विलम्बित थीं।

(घ) से (च) इस संबंध में लागत में हुई वृद्धि और विलम्ब के कारणों को निर्दिष्ट करते हुए विलम्बित परियोजनाओं के ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं।

विवरण

कोयला क्षेत्र की विकास योजनाओं की लागत तथा विलम्ब के कारण

परियोजना/कंपनी	स्वीकृत लागत (करोड़ रू० में)	प्रत्याशित लागत (करोड़ रू० में)	निर्माण में विलंब के कारण
1.जे० के० नगर भूमिगत (आरपीआर), ईकोलि	95.28	87.02	विपरीत भूखनन परिस्थितियों के कारण खान क्षमता में गिरावट।
2 सरपी पुनर्गठन, भूमिगत, ईकोलि	53.05	56.03	विपरीत भू-खनन परिस्थितियां।
3. सतग्राम भूमिगत, आरसीई, ईकोलि	148.26	208.58	कानून और व्यवस्था की समस्याओं के कारण विलंबित।
4. पुटकी बलिहारी भूमिगत, भाकोकोलि	199.87	194.09	विपरीत भूखनन परिस्थितियों के कारण खान-क्षमता में गिरावट।
5. मधुबंद बाशरी, (आरल सीई), भाकोकोलि	194.18	194.18	"टर्न-की" ठेकेदार की विफलता।
6.केडला बाशरी, (आरसीई), सेकोलि	130.41	130.41	मुख्य ठेकेदार की विफलता।
7. रोहिणी ओपनकास्ट, सेल कोलि	27.18	27.18	वन भूमि के अधिग्रहण में विलम्ब।
8. फुसरो-जारंगडीह रेलवे लाइन टाइवर्सन, सेकोलि	48.78	48.78	भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास की समस्या।
9. दुधिचुआ ओपनकास्ट विस्तार, नाकोलि	868.93	1025.29	आरंभ में वन भूमि के अधिग्रहण में विलंब और अब निधि की कठिनाई का सामना कर रही है।

10. खादिया ओपन-कास्ट, नाकोलि	588.75	687.97	वन भूमि के अधिग्रहण में विलंब।
11. टांडसी भूमिगत, वेकोली	51.58	77.77	विपरीत भूखनन परिस्थितियां।
12. बंगलार भूमिगत, साईकोल	25.14	27.54	वन भूमि के अधिग्रहण में विलंब।
13. लखनपुर ओपन-कास्ट, मकोलि।	221.51	221.51	संयोजित तापीय विद्युत गृह के निर्माण में अवरोध के कारण विलंब हुआ।

टिप्पणी:
ईकोलि — ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰
भाकोकोलि — भारत कोकिंग कोल लि॰
सेकोलि — सेंट्रल कोलफील्ड्स लि॰
नाकोलि — नार्दर्न कोलफील्ड्स लि॰
वेकोलि — वेस्ट कोलफील्ड्स लि॰
साईकोलि — साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰
मकोलि — महानदी कोलफील्ड्स लि॰

Sale of shares of PSUs

2180. SHRI VEDPRAKASH P. GOYAL: Will the Minister of' INDUSTRY be pleased to statu:

(a) whether Government propose to sell shares of Public Sector Undertakings to meet its expenditure;

(b) the names of the PSUs whose shares arc proposed to be sold;

(c) whether these PSUs are profit earning or are running in loss indicating position of each PSU separately; and

(d) the precautionary steps being taken to ensure that country stands to gain from this sale?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI MURASOLI MARAN): (a) to (d) No decision has yet been taken on the PSUs to be disinvested. The shares arc disinvested in competitive biddings to get maximum realisations.

रायपुर/छत्तीसगढ़ क्षेत्र में स्वर्ण भंडारों की उपलब्धता

2181. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में स्वर्ण की उपलब्धता का पुनः आकलन करने के लिये कोई सर्वेक्षण कराने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या मध्य प्रदेश के रायपुर/छत्तीसगढ़ क्षेत्र में स्वर्ण/स्वर्ण भंडार की उपलब्धता के संबंध में कोई सर्वेक्षण करवाया गया है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त क्षेत्र में स्वर्ण के खनन/खुदाई के संबंध में क्या कदम उठाये गये हैं?

इस्पात मंत्री और खान मंत्री (श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य): (क) देश में स्वर्ण सहित खनिज संसाधनों के आकलन के लिए सर्वेक्षण करना सरकार की निरन्तर चलने वाली गतिविधि है।

(ख) और (ग) जी, हां। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने छत्तीसगढ़ में सर्वेक्षण किया है पर यहां अयस्क का ग्रेड निम्न पाया गया है जो आर्थिक विदोहन के लिए तर्कसंगत नहीं है।

Committees Functioning under the Ministry of Labour

2182. SHRI GOVINDRAO ADIK: Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) the number and names of Committees functioning under his Ministry, the composition of which includes, MP's and non-officials as its members; and

(b) the details thereof alongwith their terms of reference?

THE MINISTER OF LABOUR (SHRI M. ARUNACHALAM): (a) and (b) There are 48 Committees/Boards functioning under Ministry of Labour to